# प्रेस विज्ञप्ति

**श्री एम.आर.कुमार, अध्यक्ष, भारतीय जीवन बीमा निगम, ePgs के अंतर्गत जनित प्रथम रसीद श्री राकेश शर्मा, प्रबन्ध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, आईडीबीआई बैंक को सुपूर्द करते हुए**

भारतीय जीवन बीमा निगम ने अपनी समूह व्यवसाय गतिविधियों के लिए एक नए केंद्रीकृत वेब-आधारित वर्क-फ्लो-आधारित सूचना प्रौद्योगिकी मंच के आरंभ के साथ आज एक और मील का पत्थर पार किया है । भारतीय जीवन बीमा निगम के अध्यक्ष श्री एम.आर.कुमार ने, प्रबन्ध निदेशक श्री विपिन आनंद, श्री मुकेश गुप्ता, श्री राज कुमार तथा श्री एस.मोहन्ति की उपस्थिति में आज योगक्षेम, केन्द्रीय कार्यालय, मुंबई में प्रात: 10.30 बजे आयोजित एक औपचारिक समारोह में e-PGS परियोजना के Go Live का लोकार्पण किया । आईडीबीआई बैंक के प्रबन्ध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री राकेश शर्मा ने बैंक की समूह पालिसियों में से एक पालिसी के मास्टर पालिसीधारक के रूप में, नए सूचना प्रौद्योगिकी मंच पर बैंक की सेवा में जनित प्रथम डिजिटल रसीद उद्घाटन समारोह के एक भाग के रूप में श्री एम.आर.कुमार से स्वीकार की । इस समारोह में टेक महिंद्रा के कंट्री हेड श्री सुजीत बक्षी अपनी टीम के साथ तथा आईसीआईसीआई बैंक की कार्यकारी निदेशक श्रीमती विशाखा लिमये बैंक की टीम सहित उपस्थित थे । संपूर्ण देशभर के 204 स्थानों से भारतीय जीवन बीमा निगम के सभी क्षेत्रीय प्रबन्धक, केन्द्रीय कार्यालय विभागों के प्रभारी कार्यकारी निदेशक, प्रादेशिक प्रबन्धक, इकाई प्रमुख तथा समूह व्यवसाय कार्यक्षेत्र के सभी कर्मचारी इस उद्घाटन समारोह में ऑनलाईन सम्मिलित हुए ।

यह नया प्रौद्योगिकी मंच होस्ट टू होस्ट कनेक्टिविटी के माध्यम से उच्च स्तर के बैंक एकीकरण के साथ केन्द्रीकृत संकलन एवं भुगतान लेखांकन को संभव बनाने तथा स्वचालित मिलान के साथ सहज और एकीकृत बैंकिंग की अत्यंत अभिनव विशेषताएं प्रदान करने के लिए बनाया गया है। नई प्रणाली e-PGS, ग्राहक पोर्टल के माध्यम से व्यापक स्वयं सेवा क्षमता प्रदान करने में सक्षम है, जहां निगमित ग्राहक अपना विवरण देख सकते हैं, व्यवहार्य प्रक्रियाएं आरंभ कर सकते हैं, दावों को दर्ज तथा ट्रैक कर सकते हैं। कुछ सेवाएं बीमाकर्ता कार्यालय के मानवी हस्तक्षेप के बिना, स्वयं ग्राहक के स्तर पर एण्ड–टू-एण्ड प्रोसेसिंग के साथ ग्रीन चैनल पर आरंभ की जाएंगी। विभिन्न समूह वित्त पोषित योजनाओं के एकल सदस्य तथा समूह वार्षिकी योजनांतर्गत वार्षिकी-ग्राही, वास्तवित समय के आधार पर अपने लेखा / फण्ड की स्थिति / वार्षिकी की स्थिति आदि की जांच ग्राहक पोर्टल के माध्यम से कर सकते हैं। ये सभी सुविधाएं तथा सेवाएं अगले तीन महीनों की अवधि में चरणबध्द तरीके से आरंभ की जाएंगी।

श्री विपिन आनंद, प्रबन्ध निदेशक ने बताया कि इस नये तकनीक मंच का निर्माण प्रौद्योगिकी-प्रेमी कॉर्पोरेट ग्राहकों की अपेक्षाओं को पूर्ण करने के लिए किया गया है और वह समूह व्यवसाय मंच पर ग्राहक सेवा के रूख को बदल देगा। यह नयी प्रणाली डेटा तथा सेवाओं के निर्बाध हस्तांतरण के लिए ग्राहकों की प्रौद्योगिकी प्रणालियों के साथ उच्च स्तरीय समन्वय के लिए सक्षम है। एलआईसी, निकट भविष्य में, नई सूचना प्रौद्योगिकी प्रणाली क्षमताओं के विषय में एक ग्राहक जागरूकता अभियान का शुभारंभ करेगी ताकि समय और ऊर्जा में बचत करने के लिए उसका लाभ सभी ग्राहकों द्वारा उठाया जा सके।

समूह व्यवसाय के कार्यकारी निदेशक श्री के.एस.नागन्याल ने कहा कि निगम का समूह व्यवसाय कार्यक्षेत्र, जिसका जीवन बीमा उद्योग के समूह व्यवसाय में 77.69% का हिस्सा है, ग्राहक अनुभव में सर्वश्रेष्ठ स्तर तक सुधार लाने के लिए नए सूचना प्रौद्योगिकी मंच का लाभ उठाएगा और वह समूह व्यवसाय क्रियाकलापों के विपणन तथा सेवा कार्य में सहायता प्रदान करेगा। भारतीय जीवन बीमा निगम का समूह व्यवसाय कार्यक्षेत्र, समूह मंच पर नियोक्ताओं की विभिन्न सावधि बीमा आवश्यकताओं तथा सेवानिवृत्ति समाधानों का विशेष ध्यान रखता है। ऐसा प्रतीत होता है कि नए सूचना प्रौद्योगिकी मंच का प्रारंभ, समूह व्यवसाय के क्षेत्र में ग्राहक सेवा के नये युग के श्रीगणेश की ओर संकेत करता है।

22 जून, 2021 को मुंबई में दिनांकित

अधिक जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें : कार्यकारी निदेशक (निगमित संप्रेषण)
भारतीय जीवन बीमा निगम, केन्द्रीय कार्यालय, मुंबई
ई-मेल आईडी : ed_cc@licindia.com
www.licindia.in पर हमसे संपर्क करें।